कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सीताराम टांक निवासी मकान नंबर 82, सीताराम बाजार, ब्रहमपुरी, जयपुर राजस्थान–302002

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा जिला दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 98/2021

निर्णय

दिनांक 13.01.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर अपीलांट द्वारा यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा जिला दौसा को पत्रांकः2868 दिनांक 16.12.2021 एवं स्मरण प.त्र कमांकः04 दिनांक 4.1.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा द्वारा अपने पत्र कमांकः भू0अ0/2021/1910 दिनांक 28.12. 2021 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से पत्र कमांकः 1816 दिनांक 13.12.2021 के द्वारा अवगत कराया जा चुका है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा